# प्रैक्टिस सेट-1

**निर्देश (प्रश्न 1-5) : नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें।**

भू-अभिनति में तलछटी निक्षेप की एक सीमा होती है। जिसके आगे निक्षेप नहीं हो सकता है। यह स्थिति प्रायः सन्तुलन के कारण होती है। धँसाव की गति से जमाव की गति अधिक होती है। अतः अधिक निक्षेप के कारण भू-अभिनति निरन्तर उथली होती जाती है तथा एक समय ऐसा आता है कि समस्त भू-अभिनति तलछट से मर जाती है तथा क्षैतिज दबाव की शक्तियाँ कार्य करने लगती हैं। अर्थात अधिक जमाव से संतुलन में अव्यवस्था हो जाती है। पुनः व्यवस्था लाने के लिये भू-हलचल होने लगती है, जिस कारण भू-अभिनति का पार्श्व भाग पर क्षैतिज दबाव पड़ने लगता है। इस दबाव के कारण भू-अभिनति की तलछट में वलन पड़ने लगते हैं यदि दबाव की शक्ति अधिक तीव्र होती है तो भू-अभिनति का समस्त पदार्थ सम्पीडित होकर वलन के रूप में पर्वत का रूप धारण कर लेता है। यदि शक्ति सामान्य रहती है तो केवल किनारे वाले भाग ही वलित हो पाते हैं तथा समानान्तर मोड़दार श्रेणियों का निर्माण होता है जबकि बीच का भाग अप्रभावित रहता है। इसे मध्य पिंड कहते हैं। जैसे-जैसे दबाव शक्तियों में तेजी आती है, भू-अभिनति संकरी होती जाती है तथा मोड़ों में जटिलता आने लगती है। अत्यधिक सम्पीडन तथा वलन होने पर नापे तथा परिवलन मोड़ो (recumbent folds) का निर्माण होता है। जब दबाव अधिकतम होता है तो अधिकतम वलन के साथ भू-अभिनति का निचला भाग नीचे धँस जाता है। अधिक गहराई पर पहुँचने पर ताप के कारण निचला भाग गर्म होकर फैलता है। जिससे पर्वतों में पुनः ऊपर की ओर उभार होता है। इसी समय चट्टान के पिघलने के कारण ज्वालामुखी क्रिया भी घटित होती है। दबाव के कारण चट्टानें रूपान्तरित होने लगती हैं। दबाव का प्रभाव भू-अभिनतियों के दोनों पार्श्वों से होता है। इसके बारे में कोबर ने बताया कि दोनों पार्श्व भाग सरकते हैं। इन्हें कोबरर ने अग्रदेश (forelands) बताया है। इसके विपरीत स्वेस के अनुसार केवल पार्श्व ही सरकता है तथा दूसरा पार्श्व स्थिर रहता है।

1. 'सैन एण्ड्रिया' भ्रंश किस प्रकार की श्रेणी में आता है?
   (a) ट्रांस करेन्ट (b) क्षेपण मण्डल
   (c) टक्कर मंडल (d) कायान्तरित भ्रंश

2. प्लेट क्षेपण (Plate subduction) होने का क्या कारण है?
   (a) गुरुत्व एवं अधःक्षेपण
   (b) नीचे गिरती संवहन धाराएं
   (c) शिलाखंड खिंचाव द्वारा
   (d) उपर्युक्त सभी

3. चुम्बकीय विसंगति उत्पन्न होती है
   (a) ध्रुवों के स्वयं व्युत्क्रमण होने से
   (b) सूर्य की पराबैगनी किरणों से
   (c) ध्रुवी स्थायित्व से
   (d) जातियों के विलुप्त होने से

4. विश्वव्यापी ज्वालामुखी दरार उद्‌गार किस काल से हुआ था?
   (a) क्रिटेशियस काल (b) परमियन काल
   (c) जुरासिक काल (d) ट्राइएसिक काल

5. हिमालय निर्माण में कौन-सी घटना सहायक हुई?
   (a) महाद्वीप-महाद्वीप की टक्कर
   (b) सागर तोरण की टक्कर
   (c) महाद्वीप की सागर के टक्कर
   (d) सागर की तोरण टक्कर


6. निम्न में से कौन भूकम्प का कारण नहीं है?
   (a) पृथ्वी के कुछ भागों का क्षैतिज स्थानान्तरण
   (b) विर्वतनिक बल
   (c) हिमनदों की गति
   (d) पृथ्वी के कुछ भागों का अचानक निलंबन

7. निम्न के सही जोड़े बनाइये।

| | |
|---|---|
| A. होम्स | 1. तापीय संकुचन का सिद्धान्त |
| B. जेफरी | 2. संवहन धारा का सिद्धान्त |
| C. जौली | 3. भू-अभिनति सिद्धान्त |
| D. कोबर | 4. रेडियो-धर्मिता का सिद्धान्त |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

8. वायुमंडल में संघनन तब होता है जब
   (a) निरक्षेप आर्द्रता उच्च हो
   (b) सापेक्ष आर्द्रता 75% से अधिक हो
   (c) तापमान ओसांक पर पहुँच जाये
   (d) तापमान हिमांक से नीचे गिर जाये
9. सर्वाधिक मौसमी विभिन्नतायें मिलती हैं
   (a) मध्य अक्षांशों में (b) निम्न अक्षांशों में
   (c) उच्च अक्षांशों में (d) ध्रुवीय प्रदेशों में
10. निम्न में से कौन-सी जलवायु पवन पेटियों के ऋत्विक स्थानान्तरण का परिणाम है?
   (a) चीन तुल्य (b) भूमध्यसागरीय
   (c) सहारा तुल्य (d) मानसूनी
11. निम्नांकित रेखाचित्र शीतोष्ण कटिबंधीय चक्रवात का प्रतिरूपी मॉडल दर्शाता है। इसका अवलोकन कर इसके नीचे दिये गये कोड में से सही उ. चुनिये।
   1. D पर नतोदर ढाल शीत वाताग्र की उपस्थिति को दर्शाता है।
   2. C पर उन्नतोदर ढाल उष्ण वाताग्र की उपस्थिति को दर्शाता है।
   3. B शीत वृतांश को दर्शाता है।




   (a) 1 और 2 सही हैं (b) 2 और 3 सही हैं
   (c) 1 और 3 सही हैं (d) 1, 2 और 3 सही हैं
12. निम्न में से कौन युग्म सही सुमेलित है?
   1. ओयाशियो दक्षिणी प्रशान्त
   2. फाकलैंड दक्षिणी अटलांटिक
   3. मोजाम्बिक हिन्द महासागर
   4. लैब्राडोर उत्तरी प्रशान्त

   **कूट :**
   (a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3
   (c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 4
13. निम्न में से कौन सही सुमेलित नहीं है?
   (a) अलुशियन गर्त उत्तरी प्रशान्त
   (b) टोंगा गर्त दक्षिणी प्रशान्त
   (c) पोर्टोरिको गर्त द. अटलांटिक
   (d) सुण्डा गर्त हिन्द महासागर
14. सागर जल का तापमान गहराई के साथ सामान्यतः
   (a) बढ़ता है (b) घटता है
   (c) वही बना रहता है (d) घटता और बढ़ता है
15. महासागरीय जल में लवणता अधिक होगी जब
   (a) वर्षा वाष्पीकरण से अधिक है
   (b) वाष्पीकरण वर्षा से अधिक है
   (c) वर्षा वाष्पीकरण के बराबर है
   (d) समुद्र में सतही प्रवाह अधिक आता है
16. पृथ्वी के चन्द्रविमुखी भाग में ज्वार उत्पन्न होने का कारण है-
   (a) सूर्य के आकर्षण बल की बहुलता
   (b) चन्द्रमा के आकर्षण बल की बहुलता
   (c) अपकेन्द्रीय बल की बहुलता
   (d) सूर्य और चन्द्रमा के आकर्षण बल की बहुलता
17. वह जल धारा, जिसकी मौसम के साथ दिशा बदलती है
   (a) द. हिन्द महासागर धारा
   (b) द. प्रशांत धारा
   (c) उ. प्रशांत धारा
   (d) उ. हिन्द महासागर धारा
18. बढ़ती हुई गहराई के साथ सागर नितल उच्चावच प्रारूपों का सही क्रम है
   (a) महाद्वीपीय मग्नतट, महाद्वीपीय मग्नढाल एवं मध्य सागरीय कटक
   (b) महाद्वीपीय मग्नतट, महाद्वीपीय मग्नढाल, एवं गहन सागरीय मैदान
   (c) महाद्वीपीय मग्नतट, महाद्वीपीय ढाल एवं सागरीय द्वीप
   (d) महाद्वीपीय मग्नतट, गहन सागरीय मैदान एवं सागरीय द्वीप
19. 'भूगोल भूवैन्यासिक संगठन के प्रारूप एवं प्रक्रिया का अध्ययन करता है'' भूगोल की उक्त परिभाषा प्रस्तुत की गयी
   (a) छायावादी युग में
   (b) डार्विनवाद युग में
   (c) क्षेत्र विश्लेषण युग में
   (d) सांख्यिकीय क्रान्ति युग में
20. अर्गोग्राफ की रचना की थी
   (a) गेडीज ने (b) केलावे ने
   (c) मरकेटर ने (d) रैज ने
21. एडवर्ट एक्रमान निम्न में से किससे सम्बन्धित है?

(a) पारिस्थितिक सम्प्रदाय
(b) निश्चयवादी सम्प्रदाय
(c) भूवैन्यासिक संगठन सम्प्रदाय
(d) सामाजिक सम्प्रदाय

22. निम्न में से कौन प्रदेश की मौलिक विशेषता नहीं है?
(a) विस्तृत क्षेत्रीय विस्तार
(b) स्वरूपगत समरूपता
(c) समरूपता की विशिष्टता
(d) क्षेत्रीय सहसम्बन्ध

23. पृथ्वी की सही आकृति है
(a) इलिटसाइड (b) जिआयड
(c) स्फेरायड (d) कोई नहीं

24. निम्नलिखित में से कौन-सा विद्वान ''क्षेत्रीय कार्यात्मक संगठन'' की संकल्पना से सम्बद्ध है?
(a) ए.के. फिलब्रिक (b) एफ.के. सेफर
(c) ई.डब्ल्यू जिमरमैन (d) आर.ओ. बुकानन

25. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए

| **सूची-I (फ्रांसीसी भूगोलवेत्ता)** | **सूची-II (पुस्तकें)** |
|---|---|
| A. डिमांजियां | 1. पिकार्डी |
| B. सोरे | 2. लेस पेरिनीज |
| C. दि मर्तोनी | 3. लेस आल्पस |
| D. ब्लेचार्ड | 4. फ्रेंच आल्पस |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

26. नाभिकीय बस्तियाँ अधिकतम कहाँ पायी जाती हैं?
(a) शुष्क क्षेत्रों में (b) डेल्टाई क्षेत्रों में
(c) पर्वतीय क्षेत्रों में (d) किसी भी स्थान पर

27. किसी घर की छत का स्वरूप निर्भर करता है?
(a) जलवायु पर
(b) छत निर्माण हेतु उपलब्ध सामानों की प्रकृति पर
(c) पर्यावरण पर (d) पानी की उपलब्धता पर

28. वह कौन-सा शहर ब्लु एवं व्हाइट नील नदी के संगम पर बसा है?
(a) हैम्बर्ग (b) विक्टोरिया
(c) इजिप्ट (d) खातुर्म

29. नदी पंखों पर निम्नांकित में कौन-सी बस्तियाँ अधिक पायी जाती हैं?
(a) संयुक्त बस्तियाँ (b) सघन बस्तियाँ
(c) प्रकीर्ण बस्तियाँ (d) इनमें में कोई नहीं

30. आदिवासियों के गाँव सामान्यतः किस प्रतिरूप में बसे होते हैं?
(a) शू-स्ट्रिंग प्रतिरूप (b) मधुछत्ता प्रतिरूप
(c) चौकोर प्रतिरूप (d) तीरनुमा प्रतिरूप

31. 'रिबन अथवा डोरी' प्रतिरूप निम्नांकित में से किसे कहते हैं?
(a) रेखीय प्रतिरूप (b) तीरनुमा प्रतिरूप
(c) अरीय प्रतिरूप (d) शू-स्ट्रिंग प्रतिरूप

32. निम्न में से किन क्षेत्रों में मकानों की छतें अत्यधिक ढाल वाली बनायी जाती हैं?
(a) अत्यधिक वर्षा वाले क्षेत्र
(b) रेगिस्तानी क्षेत्र
(c) पर्वतीय क्षेत्र (d) मैदानी क्षेत्र

33. संसाधन के लिए निम्न कथनों का अध्ययन कीजिए तथा कूट से सही उत्तर चुनिये
1. संसाधन प्राविधिकी का प्रतिफल है।
2. संसाधन ज्ञान की उपज है।
3. संसाधन अलोच (लोचरहित) है।
4. पूँजीभूत संसाधन अक्षय होते हैं।
(a) 1 तथा 2 सही हैं। (b) 1 तथा 3 सही हैं।
(c) 2 तथा 4 सही हैं। (d) 3 तथा 4 सही हैं।

34. निम्न में से कौन-सी लौह अयस्क की खान है?
(a) कोरबा (b) चिरमिरी
(c) कुद्रेमुख (d) करनपुरा

35. जैविक कृषि के विषय में निम्न कथनों का अध्ययन कीजिए तथा कूट से सही उत्तर चुनिये।
1. यह पौधों के विकास हेतु पारिस्थितिकीय प्रक्रियाओं का उपयोग करने का आग्रह करता है।
2. यह अन्तः फसली कृषि पर बल देता है।
3. यह रासायनिक उर्वरकों के अधिक निवेश की अनुशंसा करता है।
4. यह समन्वित कीट प्रबन्धन की अनुशंसा करता है।

**कूट :**